हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
22 मई 2024, समय 1305

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर फरीदाबाद से बीजेपी प्रत्याशी व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। समाज शिक्षा एंव पंचायत अधिकारी राजेश पाराशर की शिकायत पर डबुआ थाना में यह मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने शिकायत में कहा है कि पाली बारात घर पर बिना अनुमति के बीजेपी पार्टी का चुनाव संबंधित झंडा-पोस्टर लगाया गया।

श्री पाराशर ने बताया कि 17 मई को इस बाबत प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और उनकी ओर से इसका जवाब नहीं मिलने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया।

....

भिवानी-महेन्द्रगढ़ और करनाल लोकसभा क्षेत्र के दमकल विभाग , स्वास्थ्य विभाग और विद्युत आपूर्ति जैसे छः आवश्यक सरकारी सेवाओं से जुड़े फार्म 12 डी जमा करने वाले कर्मचारियों के लिए मतदान प्रक्रिया आज भी जारी है।

फरीदाबाद में जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद जिले के इन विभागों के 27 कर्मचारी जिन का वोट भिवानी-महेन्द्रगढ़ या करनाल लोकसभा क्षेत्र में है , मत पत्र से मतदान कर रहे हैं। इन कर्मचारियों के लिए लघु सचिवालय परिसर में विशेष मतदान केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार से ही आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए मत पत्र से मतदान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन विभागों में काम करने वाले जो कर्मचारी 25 मई को ड्यूटी पर रहेंगे।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल रोहतक में हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

समारोह में द्रोणाचार्य व अर्जुन अवार्डी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक निवास हुड्डा ने एक फाउंडेशन के सहयोग से किया।

....

राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कल करनाल लोकसभा से इनेलो समर्थित प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा के लिए समर्थन जुटाने हेतु एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मराठा वीरेंद्र वर्मा के पक्ष में लोगों से मतदान करने और इंडी गठबंधन को विजयी बनाने की अपील की। दिलचस्प यह है कि इस सीट से इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा भी चुनाव लड़ रहे हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि देश के किसानों, नौजवानों के लिए यह अहम चुनाव है। शरद पवार ने कहा कि देश के कई हिस्सों में इंडी गठबंधन का असर साफ दिख रहा है। श्री पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से कई वादे किए थे लेकिन उनमें से कोई वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने अपने संबोधन में झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में भेजने के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे गलत बताया।

....

कैथल स्वास्थ्य विभाग ने कल डेंगू व मलेरिया को लेकर शहर में सर्वे किया।

उप सिविल सर्जन डॉ. नीरज मंगला ने बताया कि घरों में डेंगू का लारवा मिलने पर 18 लोगों को नोटिस दिया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी व बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर विभाग पूरी तरह से सर्तक है। अब तक डेंगू का लार्वा मिलने पर कुल 525 लोगों को नोटिस दिया गया है।

....

पलवल में स्वीप कार्यक्रम के तहत कल गांव सराय के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदान पाठशाला का आयोजन किया गया।

स्कूल के छात्रों को मतदाताओं को 25 मई को होने वाले मतदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर लायंज क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर, विकास मित्तल और भारत विकास परिषद की पलवल शाखा की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने बच्चों को चुनावी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई और विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

....